Q. No.	Total Marks	Obtained Marks
Unit-1-A	10	1.5
Unit-1-B	25	6
Unit-1-C	40	12
Unit-2-A	10	5.5
Unit-2-B	25	9.5
Unit-2-C	30	15.75
Unit-3-A	20	4.5
Unit-3-B	20	10.75
Unit-3-C	20	7.25
Total Obt. Marks in Figures	200	72.75
Total Obt. Marks in Words		Seventy Two+ ¾

PART - I

Paper Code

P-3

64254

Medium of Exam

Hindi

Hindi ●

English ○

ition of the candidate shall be
date will be liable-
lame, Address, Roll Number,

uestions.
ादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में

number of pages) then bring it
e for that.
था उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका

ll Point Pen before answering.
over Sheet (OMR sheet).
पूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

details have to be filled by the

ान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

arks are indicated in each unit

नेट एवं भाग में अंकित हैं।
versions of the question, the

न्तर मान्य होगा।
age and script, unless directed

देए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

ould not write answer outside

ाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

ers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
ं नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
/ other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
ी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
f any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair** applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **ोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की ाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

didate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or e examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

श्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का ूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।**

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **हिन्दी या अंग्रेजी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।

(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Warning : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022,** other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

Special Note :
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

विशेष नोट :
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

SPACE FOR ROUGH WORK

PAPER-III : GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

Total Marks : 200

Total Questions : 48

Unit – I **(75 Marks)**

Part – A **Marks : 10**

Note : Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं ।

1. In the context of federal system, what are the provisions regarding Residuary matters in the Constitution of India ?
भारत के संविधान में संघीय व्यवस्था के संदर्भ में अवशिष्ट विषयों के लिए क्या प्रावधान हैं ?

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 246 & 248 में संघ-राज्य विधायी संबंधों का उल्लेख है जो विषय राज्य सूची, संघ सूची व समवर्ती सूची किसी में भी शामिल नहीं है, उन पर संसद/संघ सरकार का निर्णय अंतिम होगा तथा वही ऊपर शासन निर्णय करेगी

1 (One)
(Q.U1-A-1)

2. Regarding the Bharatiya Adivasi Party's performance in the Rajasthan Vidhan Sabha elections held in 2023, answer the following questions :
(a) Total seats contested by BAP
(b) Total seats won by BAP
(c) Percentage of valid votes secured by BAP
(d) Percentage of valid votes secured by BAP in seats contested by it

2023 में आयोजित राजस्थान विधान सभा चुनाव में, भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) के प्रदर्शन से संबंधित निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :
(a) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई कुल सीटें
(b) बी.ए.पी. द्वारा जीती गई कुल सीटें
(c) बी.ए.पी. द्वारा वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत
(d) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई सीटों पर वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत

सात्तर सौ

(a) 3

(b) तीन सीटें

(c) 2

0 (Zero)
(Q.U1-A-2-a)

0.5 (Zero½)
(Q.U1-A-2-b)

0 (Zero)
(Q.U1-A-2-c)

0 (Zero)
(Q.U1-A-2-d)

3. What is 'Global Stocktake (GST)' ?

'ग्लोबल स्टॉकटेक (जीएसटी)' क्या है ?

वैश्विक प्राकृतिक संसाधनों की वर्तमान स्थिति का आकलन करने तथा पर्यावरण की स्थिति का पता करने के लिए किया गया वैश्विक प्रयास

0 (Zero)
(Q.U1-A-3)

4. Why the following persons were recently in the news ?

(i) Idashisha Nongrang

(ii) Alok Shukla

निम्नलिखित व्यक्ति हाल ही में समाचारों में क्यों थे ?

(i) इदाशिशा नोंगरांग

(ii) आलोक शुक्ला

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-i)

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-ii)

5. Who are the Shompen tribe ? Why this tribe was recently in news ?

शोम्पेन जनजाति कौन हैं ? यह जनजाति हाल ही में समाचारों में क्यों थीं ?

0 (Zero)
(Q.U1-A-5)

Unit – I/Part – B **Marks : 25**

Note : Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

नोट : निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

6. Explain the principle of 'Reasonable Classification' implied in Article 14 of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित 'युक्तियुक्त वर्गीकरण' के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए ।

अनुच्छेद 14 → राज्य किसी व्यक्ति को विधि का समान संरक्षण एवं विधि के समक्ष समता से वंचित नहीं करेगा। परंतु इस संबंध में युक्तियुक्त वर्गीकरण किया जा सकता है अर्थात् राज्य किसी व्यक्ति को युक्तियुक्त आधारों पर विधि के समक्ष समता तथा विधियों के समान संरक्षण से वंचित कर सकता है परंतु यह वर्गीकरण मनमाना (Arbitrary) नहीं होना चाहिए। इस हेतु इंटेलेक्चुअल डिफरेंशिया का ध्यान रखा जाएगा। ये आधार न्यायालय में समीक्षा के अधीन है तथा युक्तियुक्त न होने पर इस वर्गीकरण को खारिज किया जा सकता है। इसी सिद्धांत के तहत, राज्य को कुछ वर्गों के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव करने तथा कुछ व्यक्तियों को विशेष अधिकारों से वंचित करने की शक्ति मिलती है।

3(Three)
(Q.01-B-6)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

Paper-III

7. In the context of people's movements, discuss the 'Non-Party Political Process' in India.

जन-आंदोलनों के संदर्भ में, भारत में 'गैर-दलीय राजनीतिक प्रक्रिया' का विवेचन कीजिए।

गैर-दलीय राजनीतिक प्रक्रिया → राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने हेतु नागरिक केवल राजनीतिक दलों का सहारा नहीं लेते बल्कि विभिन्न गैर-दलीय राजनीतिक प्रक्रियाओं द्वारा भी अपने राजनीतिक अधिकारों, मांगों हेतु दबाव डालकर पक्ष में नीति निर्माण करवाते हैं।

विभिन्न माध्यम → आंदोलनों के संदर्भ में ये माध्यम हैं —

① वर्गीय संगठन → किसान, व्यापारी, छात्र, श्रमिक आदि संगठन Ex. ऑल इंडिया किसान मोर्चा, एबीवीपी, एसएमएमआई, CII, FICCI आदि

② जनमत निर्माण → मीडिया के माध्यम से अपने पक्ष में जनमत निर्माण

③ NGO → विभिन्न वर्गों के हितों हेतु बने NGOs के माध्यम से

1.5(One½)
(Q.U1-B-7)

8. Mention the major 'subjects' given to urban local governance institutions under Article 243-W of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-ब के अंतर्गत नगरीय स्थानीय शासकीय संस्थाओं को प्रदान किए गए मुख्य 'विषयों' का उल्लेख कीजिए।

243 ब के तहत 12वीं अनुसूची में वर्णित विषयों को नगरीय स्वशासन संस्थानों को सौंपे जाने का प्रावधान किया। मुख्य विषय- ① नगरीय क्षेत्र में सड़क निर्माण ② बिजली-पानी से संबंधित कार्य ③ परिवार नियोजन ④ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन एवं स्वच्छता ⑤ नगरीय वनों की स्थापना, संरक्षण ⑥ सौंदर्यीकरण ⑦ नगरीय विकास हेतु योजना निर्माण तथा ⑧ जन्म-मृत्यु पंजीकरण ⑨ शहरी क्षेत्र में नाली निर्माण ⑩ लोक परिवहन की व्यवस्था ⑪ शिक्षण संस्थानों की स्थापना एवं उनका प्रबंधन ⑫ नगरीय क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के करों का अधिरोपण ⑬ नगरीय क्षेत्र में पार्क इत्यादि निर्माण।

अनु-

0.5(Zero½)
(Q.U1-B-8)

9. On what grounds the registration of Overseas Citizens of India (OCI) can be cancelled under the Citizenship Amendment Act, 2019 ? Against cancellation of citizenship, what rights do these citizens have ?
नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के अंतर्गत विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों का पंजीकरण किन आधारों पर रद्द किया जा सकता है ? नागरिकता रद्द होने के विरुद्ध, इन नागरिकों को क्या अधिकार प्राप्त हैं ?

नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 द्वारा भारत के पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के साथ-साथ ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया तथा पर्सन ऑफ इंडियन ऑरिजिन (PIO) के नियमों में भी बदलाव किया है जिसके कारण विदेश में रह रहे नागरिकों का पंजीकरण रद्द करने के निम्नलिखित आधार है → (1) ~~वर्तमान~~ भारत की संप्रभुता, अखंडता के विरुद्ध कार्य करना (2) समय पर अपने OCI कार्ड का नवीनीकरण न कराना। प्राप्त अधिकार → नागरिकता रद्द होने पर ये नागरिक गृह मंत्रालय को निर्णय की समीक्षा हेतु अपील कर सकते हैं।

1(One)
(Q.U1-B-9)

10. Write a note on India's performance at 77th Cannes film festival.
77वें कान फिल्म फेस्टिवल में भारत के प्रदर्शन पर एक टिप्पणी लिखिए।

⇒ भारत की फिल्म All that Breathe को 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ फीचर का पुरस्कार मिला।

×0 (Zero)
(Q.U1-B-10)

Paper-III 10

Unit – I/Part – C **Marks : 40**

Note : Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **100-100** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं ।

11. Describe the Electoral process of members of Rajya Sabha.
राज्यसभा के सदस्यों की निर्वाचन-प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ।

राज्यसभा के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80 में वर्णित है तथा ~~इसे~~ आयरलैंड से लिया गया । इस प्रणाली को एकल संक्रमणीय आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली कहा जाता है।

एकल संक्रमणीय आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली → राज्यसभा एक स्थायी सदन है अतः इसके सदस्य प्रत्येक 2 वर्ष पर रिटायर होते हैं तथा 1/3 के लिए फिर से चुनाव होता है।

इस प्रणाली में, जिस राज्य की राज्यसभा सीटें रिक्त होती हैं, उस राज्यों के विधायकों के मत से राज्यसभा सदस्य चुने जाते हैं तथा इसके लिए आवश्यक मतों की संख्या का निर्धारण निम्नलिखित सूत्र से किया जाता है-

वांछित ~~प्रथम वरीयता मत~~ मतों की संख्या = $\frac{\text{कुल मत (विधायकों की संख्या)}}{(\text{चुने जाने वाले सदस्यों} + 1)\text{ की संख्या}}$?

⇒ प्रत्येक विधायक विभिन्न उम्मीदवारों के नाम के सामने वरीयता अंकित करता है तथा जिस उम्मीदवार को उपर्युक्त सूत्र द्वारा निर्धारित संख्या में वरीयता के मत मिल जाते हैं उसे विजेता घोषित

घोषित कर दिया जाता है, यदि किसी भी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिले तो न्यूनतम प्रथम वरीयता मतों वाले उम्मीदवार के मतों का स्थानांतरण अन्य उम्मीदवारों को कर दिया जाता है तथा यह प्रक्रिया तब तक चलती है जब ~~xxxx~~ वांछित संख्या में उम्मीदवारों को बहुमत न मिल जाए।

मूल संविधान में यह प्रक्रिया गोपनीय थी किंतु 61वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2001 द्वारा इसे खुली प्रक्रिया बना दिया गया ताकि कोई राजनीतिक भ्रष्टाचार नहीं हो तथा क्रॉस वोटिंग न हो।

3(Three)
(Q.U1-C-11)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

12. Discuss the process of 'Secularisation of Caste' and its impact.

'जाति के सेकुलरीकरण' की प्रक्रिया और उसके प्रभावों की विवेचना कीजिए।

जाति व्यवस्था इसके मूल रूप में धार्मिक या शास्त्रीय अवधारणा वर्ण व्यवस्था से उत्पन्न हुई तथा इसी कारण जाति व्यवस्था में विभिन्न धार्मिक योग्यताएँ, निर्योग्यताएँ, पवित्रता-अपवित्रता तथा विशेषाधिकार विद्यमान थे परंतु पिछले 50 वर्षों में जाति का धार्मिक पक्ष कमजोर हुआ है तथा जाति एक लौकिक व्यवस्था के रूप में उभरी है, इसे जाति का लौकिकीकरण कहा जाता है।

प्रक्रिया → (1) नगरीकरण, वैश्वीकरण के कारण पारंपरिक व्यवसायिक व विवाह प्रतिबंधों में कमी (2) राजनीति में जाति की भूमिका बढ़ने से जाति के लौकिक संगठनों का निर्माण (3) जाति केवल सामाजिक व्यवस्था न रहकर राजनीतिक व्यवहार की प्रमुख निर्धारक बनावट (4) जाति के धार्मिक पवित्रता एवं तथा विशेषाधिकारों का समाप्त होना

प्रभाव → जाति के सेकुलरीकरण से निम्नलिखित प्रभाव सामने आए हैं → (1) जाति आधारित दलों का निर्माण (2) जाति के आधार पर मतदान व्यवहार (3) जाति आधारित टिकट वितरण तथा कैबिनेट मंत्री बनाने में भी जातीय समीकरण (4) जाति का दबाव समूह के एक संगठन के रूप में उदय (5) जातीय संगठनों द्वारा अपनी जाति के हितों हेतु लामबंदी (6) जातिवाद को बढ़ावा मिलना, जातीय हितों को व्यापक हितों से ऊपर रखना (7) जातीय श्रेष्ठतावोध का बढ़ना तथा सोशल मीडिया पर प्रदर्शन (8) विभिन्न महापुरुषों को स्वयं से जोड़ने को लेकर संघर्ष

उदाहरण — पृथ्वीराज चौहान

3.5(Three½)
(Q.U1-C-12)

13. Identify the distinguishing features of the first phase of electoral politics (1952-1971) in Rajasthan.

राजस्थान में चुनावी राजनीति के प्रथम चरण (1952-1971) की मुख्य विशेषताओं को चिह्नित कीजिए।

राजस्थान की चुनावी राजनीति का प्रथम चरण (1952-71)

प्रमुख विशेषताएँ → (1) कांग्रेस का प्रभुत्व → 1952 के चुनावों से लेकर 1971 तक राज्य में कांग्रेस का प्रभुत्व रहा तथा 1952-54 की अवधि के दौरान कांग्रेस में आपसी फूट तथा जयनारायण व्यास के चुनाव हारने के कारण तीन मुख्यमंत्री बदले गए। परंतु 1954 में M.L. सुखाड़िया के CM बनने के बाद 1971 तक सामान्यतः कांग्रेस का वर्चस्व रहा।

(2) स्वतंत्र पार्टी तथा रामराज्य पार्टी → 1952 तथा 1957 के चुनावों में रामराज्य पार्टी (कल्पित महाराज) को क्रमशः 17 व 24 सीटें मिली। कांग्रेस के समाजवाद के विरोध में बनी स्वतंत्र पार्टी को 1962 व 1967 के चुनावों में क्रमशः 36 व 49 सीटें मिली परंतु कोई विकल्प उभर नहीं पाया जब तक कि जनता दल की 1977 में सरकार न बनी।

(3) निर्दलीयों की भूमिका → 1952, 1957 तथा 1962 के चुनावों में निर्दलीयों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। 1952 में तो निर्दलीयों ने अब तक की सर्वाधिक सीटें जीती।

(4) स्वतंत्र पार्टी तथा रामराज्य पार्टी दक्षिणपंथी पार्टियाँ थी जिनके समर्थक वर्ग में व्यापारी, राजा-महाराजा आदि थे।

(5) 1952-71 के काल में कांग्रेस के मुख्यमंत्री सुखाड़िया रहे परंतु 1969 के राष्ट्रपति चुनाव में नीलम संजीव रेड्डी को वोट देने के कारण इंदिरा गांधी ने 1971 में सुखाड़िया को हटाकर बरकतुल्लाह को मुख्यमंत्री बनाया।

4(Four)
(Q.U1-C-13)

0.5(Zero½)
(Q.U1-C-13)

14. There is a viewpoint that the foreign policy of India is in a dilemma, i.e., between joining the 'developed North' or leading the 'developing South'. Analyse this viewpoint with plausible arguments.
एक दृष्टिकोण है कि भारतीय विदेश नीति दुविधा में है, यथा भारत 'विकसित उत्तर' से जुड़े अथवा 'दक्षिण के विकासशील' देशों का नेतृत्व करे। उपर्युक्त कथन का विश्लेषण समुचित तर्कों के साथ कीजिए।

यूक्रेन-रूस युद्ध तथा इजरायल-हमास संघर्ष के बाद से भारतीय विदेश नीति हेतु यह चिर परिचित दुविधा फिर सामने आई है कि भारत 'विकसित उत्तर' का साथ दे या 'दक्षिण के विकासशील देशों का नेतृत्व करे।

दुविधा के कारण → ① वैश्विक उत्तर/विकसित उत्तर के देशों में तथा पश्चिमी जगत में आपसी एकता है तथा वे इसे पूर्वी देशों यथा- चीन व रूस के विरुद्ध प्रयुक्त करना चाहते हैं परंतु भारत ऐसा साथ नहीं देना चाहता क्योंकि भारत स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करता है। इसी प्रकार, भारत यदि दक्षिण के विकासशीलों का नेतृत्व करेगा तो भारत को विकसित देशों के ये रहे अपने व्यापार, रक्षा समझौतों तथा सहयोग व तकनीक प्राप्ति पर खतरा उठाना पड़ सकता है। ② इसी प्रकार, विकसित उत्तर के साथ जुड़ने पर भी भारत को विकसित देशों में वह स्थान नहीं मिल सकता क्योंकि वैश्विक संस्थानों में उनका प्रभुत्व है वहीं यदि भारत दक्षिण के विकासशीलों का नेतृत्व करता है तो वह वैश्विक संगठनों में बदलाव (One) इन देशों का सहयोग प्राप्त कर सकता है। (Q.U1-C-14)

⇒ यदि भारत केवल विकासशीलों पर ही ध्यान लगाता है तो उसे तकनीकी उन्नयन में तथा विकसित भारत बनाने में समस्या आएगी।

⇒ विकासशील देशों की वर्तमान आर्थिक-स्थिति भारत के समरूप ही है, अतः भारत के लिए इनसे जुड़ना भी फायदेमंद है, ताकि भारत वैश्विक महाशक्ति बन सके तथा न्यू वर्ल्ड ऑर्डर में भारत के कुछ स्थायी साझीदार हो सके।

⇒ समाधान → हेतु भारत ने डी-हाइफनेशन नीति, स्वतंत्र विदेश नीति अपनाते हुए वैश्विक विकसित उत्तर से भी संबंध स्थापित किया है (उदाहरण-क्वाड) वहीं दक्षिण के विकासशीलों को साथ लेने के लिए भी "ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन" तथा 'वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ' जैसे प्रयासों से साउथ-साउथ कोऑपरेशन बढ़ाया है।

Paper-III

15

Unit – II **(65 Marks)**

Part – A **Marks : 10**

Note : Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं ।

15. Write the name of any two H.Q. of Directorates or Executive Departments of State Government located in Ajmer.

अजमेर में स्थित राज्य सरकार के किन्हीं दो निदेशालयों या कार्यकारी विभागों के मुख्यालय के नाम लिखिए ।

① राजस्व विभाग → राजस्व मंडल व निदेशालय

②

×

0 (Zero)

(Q.U2-A-15)

16. What do you mean by sub-national government ?

उप-राष्ट्रीय सरकार से आप क्या समझते हैं ?

उपराष्ट्रीय सरकार से किसी राष्ट्र के भीतरी भागों यथा – राज्यों, प्रांतों, स्थानीय निकायों की सरकार अभिप्रेत है। इसके अतिरिक्त, किसी देश की ~~वह~~ सरकार जो राष्ट्र राज्य प्रकृति का ~~नहीं~~ न हो।

1.25(One¼)

(Q.U2-A-16)

17. What is the main concern of Corporate Governance ?

कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार क्या है ?

कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार है कि कॉर्पोरेट अभिशासन को नैतिकता, निष्पक्षता, सामूहिकता, पारदर्शिता तथा सभी हितधारकों के हितों का ध्यान रखते हुए संचालित किया जाए, केवल लाभ से प्रेरित होकर, भ्रष्ट कार्यसंस्कृति व पर्यावरण को नुकसान पहुँचाकर कॉर्पोरेट शासन व्यवस्था न चलाई जाए + शेयर धारकों के हित की विभिन्न निर्णयों में भागीदारी, समस्त सूचनाओं को सार्वजनिक करना, CSR का पालन

1.5(One½)
(Q.U2-A-17)

18. Who is responsible to upload on the web portal of Rajya Sabha / Lok Sabha Secretariat the text version of answers to the questions asked in parliament ?

राज्यसभा/लोकसभा सचिवालय के वेब पोर्टल पर संसद में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के अंतिम स्वरूप को अपलोड करने हेतु कौन उत्तरदायी है ?

राज्यसभा या लोकसभा में किसी मंत्री द्वारा दिए गए उत्तरों के अंतिम स्वरूप को निर्माण करने का कार्य उस संबंधित विभाग का है तथा वे इसे राज्यसभा/लोकसभा सचिवालय को उपलब्ध कराते हैं जो इसे वेब पोर्टल पर अपलोड करता है। ~~इस प्रकार, लोकसभा/राज्यसभा सचिवालय व संबंधित विभाग की~~ सामूहिक जिम्मेदारी

1(One)
(Q.U2-A-18)

19. What is the main function of State Election Commission ?

राज्य निर्वाचन आयोग का मुख्य कार्य क्या है ?

1.75(One¾)
(Q.U2-A-19)

मुख्य कार्य — ① राज्य में पंचायती राज एवं स्थानीय शहरी स्वशासन संस्थाओं के निर्वाचनों का अधीक्षण, पर्यवेक्षण नियंत्रण ② राज्य के पंचायतीराज व स्थानीय स्वशासन निर्वाचनों हेतु मतदाता नामावली का संधारण तथा उसमें समयबद्ध अद्यतनीकरण ③ निर्वाचन के समय राज्यपाल से अनुरोध करके कर्मचारिवृंद की माँग तथा उनके माध्यम से चुनाव आयोजन ④ पंचायतीराज व नगरीय स्वशासन हेतु क्षेत्रों/वार्डों का परिसीमन तथा उनमें आरक्षण का निर्धारण/रोटेशन

Unit – II/Part – B

Marks : 25

Note : Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

नोट : निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

20. Discuss the salient features of Change Management.

परिवर्तन प्रबंधन की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए ।

परिवर्तन प्रबंध → किसी संगठन में वांछित परिवर्तनों की पहचान, उनका नियोजन व संगठन को तैयार करने उनको लागू करने की प्रक्रिया परिवर्तन प्रबंध कहलाती है।

विशेषताएँ → ① आवश्यकता → बाह्य कारक → तकनीक में बदलाव, ग्राहकों/नागरिकों की इच्छा/आवश्यकता में बदलाव, नई तकनीक लागू करना, वैधानिक कारक यथा ई-ऑफिस, सरल यथा RTI

② यह संगठन को समयानुकूल बनाने में सहायक ② संगठन की उत्तरजीविता में वृद्धि ③ संगठन की कार्यकुशलता, दक्षता में सुधार ④ संगठन के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक

प्रक्रिया → कुर्त लेविन → तीन चरण → (i) डीफ्रीजिंग (ii) चेंजिंग/मूविंग (iii) रीफ्रीजिंग

1.5(One½)
(Q.U2-B-20)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

21. Analyse the concept of Legitimacy.

वैधता की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए।

2(Two)
(Q.U2-B-21)

वैधता → आधार → ① स्वीकार्यता — सत्ता तथा उसके उद्देश्यों की स्वीकार्यता व सहमति पे निर्भर ② उद्देश्यों का एकीकरण व समान होना ③ विचारधारात्मक स्वीकृति ④ सुविज्ञता के कारण ⑤ सत्ता/शक्तिशाली के गुणों के कारण

किसी भी सत्ता ← परिभाषा ← को स्वीकार्य बनानेवाला तत्व ही वैधता कहलाता है अर्थात् वह तत्व जिसको शक्ति से मिलाने पर सत्ता का निर्माण है। (शक्ति + वैधता = सत्ता)

वेबर → वैधता के तीन प्रकार → ① करिश्माई, उदाहरण — यीशु मसीह ② पारंपरिक → परंपरा से चली आती है, पीढ़ी आधारित, उदाहरण — राजतंत्र ③ वैध-तार्किक → कानून-नियम पर आधारित तथा पद में निहित, न कि व्यक्ति में

22. What are Seven Deadly Sins propounded by Mahatma Gandhi and why they are important ?

महात्मा गाँधी द्वारा प्रतिपादित सात प्रमुख बुराइयाँ क्या हैं तथा वे क्यों महत्वपूर्ण हैं ?

2.5(Two½)
(Q.U2-B-22)

गाँधीजी के अनुसार 7 पाप	जीवन में व लोक प्रशासन में इनका महत्व व प्रासंगिकता
① श्रम बिना धन	→ दूसरों को हानि पहुँचाने की प्रवृत्ति पर रोक, भ्रष्टाचार पर रोक
② अंतरात्मा बिना सुख	→ अनुचित माध्यमों से सुखप्राप्ति पर रोक तथा सुख की आकांक्षा में अंतरात्मा का नाश नहीं
③ मानवता बिना विज्ञान	→ विज्ञान का मानवता के हितों हेतु प्रयोग, (परमाणु बम का विरोध)
④ चरित्र के बिना ज्ञान	→ केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास; शिक्षा को चरित्रमूलक बनाने में आवश्यक
⑤ सिद्धांत रहित राजनीति	→ राजनीतिक भ्रष्टाचार, दलबदल को रोकने हेतु
⑥ नैतिकता बिना व्यापार	→ कालाबाज़ारी, मिलावट, भ्रामक विज्ञापन, आदि को रोकने हेतु
⑦ त्याग बिना धर्म/पूजा	→ धर्म को केवल आडंबर नहीं बल्कि मानव मात्र के हितों के प्रयोग, सांप्रदायिकता की समाप्ति, धर्म गुरुओं के लिए नैतिकता भी जीव

→ इस प्रकार गांधीजी द्वारा बताए गए सात पापों का त्याग करके सुशासन, श्रेष्ठ समाज व्यवस्था व राजनीतिक नैतिकता की प्राप्ति संभव

23. Describe the duties of Chief Minister as mentioned in the Constitution of India & also underline the most important duty which makes him head of the Government.

भारत के संविधान में वर्णित मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिए तथा उस प्रमुख कर्त्तव्य को रेखांकित कीजिए जो उसे शासन का मुखिया बनाता है।

मुख्यमंत्री के कर्तव्य → (1) मुख्यमंत्री को शासन का मुखिया बनाने वाला कर्तव्य → अनुच्छेद 163 → राज्यपाल को सलाह देने हेतु एक मंत्रिपरिषद होगी जिसका मुखिया मुख्यमंत्री होगा इस प्रकार वह राज्यपाल को राज्य के प्रशासन की संपूर्ण शक्तियों के प्रयोग में सलाह व सहायता प्रदान करता है।

(शासन व विधान विषयक)

(2) अनुच्छेद 167 → राज्यपाल द्वारा मांगी गई जानकारी उसे उपलब्ध कराए।

(166) → शासन व विधान विषयक प्रस्तावनाओं से उसे अवगत कराए

(3) अनुच्छेद 167 → जिस विषय पर मंत्री ने विचार कर लिया पर मंत्रिपरिषद ने विचार नहीं किया, उसे मंत्रिपरिषद के पटल रखवाए (राज्यपाल द्वारा अपेक्षा किये जाने पर)

(4) राज्य के प्रशासन हेतु राज्यपाल की सहायता से नियम बनाए।

2.5(Two½)
(Q.U2-B-23)

24. Evaluate the provisions made in Article-315 of Constitution of India for State Public Service Commission.

भारत के संविधान के अनुच्छेद-315 में राज्य लोक सेवा आयोग के सम्बन्ध में वर्णित प्रावधानों का मूल्यांकन कीजिए।

अनुच्छेद 315 → संविधान के अनुच्छेद 315 में राज्य लोक सेवा आयोग के गठन का प्रावधान है जिसके अनुसार → राज्य के लिए विभिन्न भर्ती-परीक्षाएँ, साक्षात्कार आयोजित करने तथा लोकसेवाओं के विषय में राज्य सरकार को सलाह देने हेतु एक लोक सेवा आयोग होगा जो एक अध्यक्ष एवं अन्य ऐसे सदस्यों (निर्दिष्ट किए जाएँ) से मिलकर बनेगा।

⇒ सदस्यों की कोई योग्यता नहीं बताई गई है, परंतु प्रावधान है कि यथाशक्य आधे सदस्य ऐसे होंगे जिन्होंने राज्य/केंद्र सरकार के अधीन कम से कम 10 वर्ष कार्य किया है।

⇒ आयोग राज्य सरकार/राज्यपाल द्वारा सौंपे गए अन्य कर्तव्यों का भी पालन करेगा।

1(One)
(Q.U2-B-24)

Unit – II/Part – C **Marks : 30**

Note : Answer **all** the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

नोट : निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **100-100** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं ।

25. Describe the formula of Graicunaz propounded for calculation of span of control and give mathematical solution of a situation when number of relations is 5.

नियंत्रण के क्षेत्र के सम्बन्ध में प्रतिपादित ग्रेकुनाज के फॉर्मूले का वर्णन कीजिए तथा यदि सम्बन्धों की संख्या 5 हो तो गणितीय हल कीजिए ।

5.5(Five½)
(Q.U2-C-25)

नियंत्रण का क्षेत्र → अधीनस्थों की वह संख्या जिस पर कोई प्रबंधक/उच्चाधिकारी प्रभावी नियंत्रण रख सकता है, नियंत्रण का क्षेत्र कहलाती है। उर्विक एवं फेयॉल के अनुसार, 5–6 ; गुलिक → उच्च स्तर → 8–12, मध्य → 6–8 निम्न स्तर पर 4–6 , ग्रेकुनाज → 4–6

ग्रेकुनाज सूत्र → ग्रेकुनाज के अनुसार, अधीनस्थों की संख्या बढ़ने पर विभिन्न प्रकार के संबंधों की संख्या ज्यामितीय रूप से बढ़ती है तथा इस आधार पर तीन प्रकार के संबंध होते हैं जिनका सूत्र अग्रलिखित है —

(1) प्रत्यक्ष इकहरे संबंध → अधीनस्थों की संख्या n होने पर n
(उच्चाधिकारी का प्रत्येक अधीनस्थ से संबंध)

(2) त्रिपक्षीय संबंध → अधीनस्थों की संख्या n हो तो त्रिपक्षीय संबंधों की संख्या = $n(n-1)$

(3) प्रत्यक्ष समूह संबंध → संख्या = $n\left(2^{n-1}-1\right) = n\left(\frac{2^n}{2}-1\right)$

अतः अधीनस्थों की संख्या n होने पर कुल संबंध

$$R = n\left(2^{n-1}+n-1\right)$$

A

$1+n+2^{n-1}$

यदि अधीनस्थों की संख्या/प्रत्यक्ष संबंधों की संख्या 5 हो तो →

प्रत्यक्ष इकहरे संबंध = 5

तिर्यक संबंध = $n(n-1) = 5(5-1) = 20$

प्रत्यक्ष दुहरे संबंध = $n\left(\frac{2^n}{2}-1\right) = 5\left(\frac{2^5}{2}-1\right) = 75$

इस प्रकार कुल संबंधों की संख्या = 5+20+75=100

100 होगी।

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

26. Critically analyse the forms and methods of judicial control in India.
भारत में न्यायिक नियंत्रण के रूप तथा प्रणालियों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण → प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण के माध्यम मुख्यतः दो प्रकार के हैं—

सामान्य माध्यम

① प्रशासन के निर्णयों के विरुद्ध अपीलों की सुनवाई द्वारा ② प्रशासन द्वारा निर्मित प्रत्यायोजित विधान की न्यायिक समीक्षा द्वारा ③ सेवाओं के कानूनों की न्यायिक समीक्षा ④ प्रशासन द्वारा की गई तथ्य की भूल, विधि की भूल को पहचानकर उस पर नियंत्रण ⑤ जनता के अधिकारों की सुरक्षा हेतु

विशिष्ट माध्यम / उपचार

I रिट → ① बंदी प्रत्यक्षीकरण → किसी व्यक्ति के अवैध बंदीकरण के विरोध में ② अधिकार पृच्छा → अयोग्य व्यक्ति द्वारा पद धारण ③ उत्प्रेषण → अधीनस्थ न्यायालयों में निर्णय दिए जा चुके मामलों को मँगाना ④ प्रतिषेध → अधीनस्थ न्यायालय को अधिकरण के मामले का हस्तांतरण ⑤ परमादेश → प्रशासनिक अधिकारी को कोई कार्य करने का आदेश

II जनहित याचिका

III न्यायिक सक्रियता → न्यायपालिका स्वायत्त होकर प्रशासन व विधायिका के क्रियाकलाप की पुनर्वीक्षा करती है

न्यायिक नियंत्रण की सीमाएँ → ① स्वयं पहल नहीं करती ② विलंब प्रणाली ③ शक्ति पृथक्करण के विरुद्ध, प्रशासन के क्षेत्र में न्यायिक सक्रियता के नाम पर न्यायिक अतिक्रमण ④ खाली पद ⑤ गोपनीयता, पारदर्शिता न होना ⑥ खर्चीली प्रणाली → प्रत्येक व्यक्ति न तो आर्थिक है, न इतना खर्च वहन कर सकता है ⑦ इसकी भाषा जनसामान्य से अत्यधिक दूर व जटिल ⑧ इसी प्रकार जनहित याचिका का पब्लिसिटी याचिका बन जाना ⑨ न्यायपालिका की न तो जनता के प्रति जवाबदेही है तथा न प्रशासन की जिम्मेदारी

⇒ यद्यपि न्यायिक नियंत्रण की उपर्युक्त सीमाएँ हैं तथापि न्यायपूर्ण प्रशासन, कानून का शासन व नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायिक नियंत्रण अपरिहार्य है अन्यथा प्रशासन निरंकुश हो जाएगा।

5.25(Five¼)
(Q.U2-C-26)

27. Discuss the main points of the conflict between Generalists v/s Specialists. Also mention the recommendations given by First ARC in this regard.
सामान्यज्ञों बनाम विशेषज्ञों के मध्य टकराव के प्रमुख बिन्दुओं की विवेचना कीजिए। साथ ही इस क्रम में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा दी गई सिफारिशों का वर्णन कीजिए।

सामान्यज्ञ विशेषज्ञ टकराव के कारण → ① आपसी पूर्वाग्रह ② सामान्यज्ञों को उच्च पद की सुविधा व राजनीतिक निकटता प्राप्त है जिससे वे विशेषज्ञों पर अत्यधिक नियंत्रण रखते हैं जिससे विशेषज्ञ नाराज ③ विशेषज्ञों का मानना है कि सामान्यज्ञों का कार्य की तकनीकी ज्ञान नहीं होने के कारण वे अप्रभावशाली नीतियां बनाते हैं ④ सामान्यज्ञों द्वारा विशेषज्ञों की सलाहों को न मानना ⑤ उच्च पद केवल सामान्यज्ञों हेतु आरक्षित ⑥ नीति निर्माण में तकनीकी जानकारी हेतु विशेषज्ञों की सलाह न लेना ⑦ विशेषज्ञों के बारे में सामान्यज्ञ यह मानते हैं कि उन्हें केवल क्षेत्र विशेष का ज्ञान होता है, जबकि नीति निर्माण हेतु व्यापक क्षेत्रों का अनुभव व ज्ञान आवश्यक ⑧ विभिन्न स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में भी विशेषज्ञों की दरकिनार किया जाना ⑨ सामान्यज्ञों की प्रमुख शिकायत है कि विशेषज्ञ केवल अपने विभाग के हितों को ध्यान में रखते हैं

5(Five)
(QU2-C-27)

विवाद का निवारण करने हेतु प्रथम प्रशा. सुधार आयोग के सुझाव → प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग ने सामान्यज्ञ विशेषज्ञ विवाद के निराकरण हेतु निम्नलिखित सुझाव दिए हैं —
① सेवाओं का कार्यात्मक एवं गैर-कार्यात्मक में वर्गीकरण किया जाए ② नई अखिल भारतीय तकनीकी सेवाओं यथा — कृषि सेवा, शिक्षा सेवाओं का गठन किया जाए ③ प्रशासन में विशेषज्ञों की भूमिका को बढ़ाया जाए तथा नीति निर्माण में उनकी सहभागिता बढ़ाई जाए। ④ विशेषज्ञों को मिलने वाली सुविधाओं व वेतन में वृद्धि की जाए ⑤ सामान्यज्ञों व विशेषज्ञों का एकसाथ प्रशिक्षण ⑥ विभिन्न प्रकार की सेवाओं में सामान्यज्ञों को प्रशिक्षित किया जाए ताकि वे भी कुछ क्षेत्रों में विशेषज्ञता धारित करें।

2nd ARC → ① लेटरल एंट्री शुरू की जाए; ② सामान्यज्ञों की भूमिका नीति की

Unit – III (Section – A) **(20 Marks)**

Part – A **Marks : 10**

Note : Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं ।

28. Enlist the major achievements of the flag bearer from India in Paris Olympics 2024 opening ceremony.

पेरिस ओलम्पिक 2024 के उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक की प्रमुख उपलब्धियों को सूचीबद्ध करें ।

① बजरंग पूनिया — ध्वजवाहक — 2024 ओलंपिक

② उपलब्धियाँ → अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रजत,
2020 टोक्यो ओलंपिक में कुश्ती में कांस्य
कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण

0 (Zero)
(Q.U3-A-A-28)

29. Write the number of total 'Khelo India' centres in India with special reference to Rajasthan State with Sports discipline.

राजस्थान राज्य में संचालित खेलों के नाम सहित भारत में कुल 'खेलो इंडिया' केंद्रों की संख्या लिखें ।

भारत में कुल खेलो इंडिया सेंटर →

राजस्थान में खेलो इंडिया के तहत खेल → ① शूटिंग (बीकानेर) ② बॉस्केटबॉल ③ हैंडबॉल ④ शूटिंग ⑤ बैडमिंटन ⑥ भाला फेंक ⑦ कुश्ती ⑧ मुक्केबाजी

0.75 (Zero¾)
(Q.U3-A-A-29)

30. Which father and daughter duo from Rajasthan holds pride to receive Arjun award and in which game ?

राजस्थान राज्य की पिता पुत्री की किस जोड़ी को अर्जुन पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं वह किस खेल से संबंधित हैं ?

0 (Zero)
(Q.U3-A-A-30)

31. Enlist the major achievement of Rajasthan State's Divyakrati Singh in Sports.

राजस्थान राज्य की दिव्यकृति सिंह की खेलों में प्रमुख उपलब्धियाँ सूचीबद्ध कीजिए।

दिव्यकृति सिंह → घुड़सवारी से संबंधित
उपलब्धि → अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक

0.5(Zero½)
(Q.U3-A-A-31)

32. Define and write difference between sprain and strain.

मोच व खिंचाव को परिभाषित करते हुए इसके परस्पर अंतर को लिखिए।

मोच	खिंचाव
परिभाषा → जब शरीर के किसी अंग में झटके / ऊँचाई से गिरने / टक्कर के कारण माँसपेशियों व टेंडन में कुछ क्षतिग्रस्त हो जाते हैं	परिभाषा → जब बिना चोट आए या अत्यधिक मात्रा में व्यायाम से माँसपेशियों में व टेंडन की लंबाई में वृद्धि / कमी हो जाती है इसे खिंचाव कहते हैं
(1) यह सामान्यतः टखने में	(1) यह सभी मांसपेशियों में संभव
(2) उपचार हेतु गर्म पट्टी	(2) उपचार हेतु सिकाव

0.25(Zero¼)
(Q.U3-A-A-32)

Unit – III (Section – A) Marks : 10

Part – B

Note : Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

नोट : निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

33. Write name of any ten verticals of "Khelo India" Scheme.
"खेलो इंडिया" योजना के किन्हीं दस कार्यक्षेत्रों के नाम लिखिए ।

'खेलो इंडिया' योजना → प्रमुख घटक व कार्य क्षेत्र अग्रलिखित हैं –
① खेल अवसंरचना विकास ② प्रतिभा खोज, प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता
③ खेलो इंडिया केंद्र व अकादमी ④ फिट इंडिया मूवमेंट
⑤ समावेशी खेल ⑥ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स
⑦ खेलो इंडिया यूथ गेम ⑧ खेलो इंडिया रिहैबिलिटेशन सेंटर ⑨ खेलो इंडिया के तहत खिलाड़ियों को 8 वर्ष तक प्रति वर्ष 5 लाख रुपए की मदद (1000 खिलाड़ी) ⑩ खेलो इंडिया के तहत खिलाड़ियों हेतु वैज्ञानिक पुनिकर

2.5(Two½)
(Q.U3-A-B-33)

34. "Janmoshadhi mantratapah Samadhija Siddhaya" is originated from which couplet of Yogsutra ? Elaborate the content included in it.
"जन्मौषधि मंत्रतपः समाधिजाः सिद्धयः" का उद्भव योगसूत्र के किस पद से है ? इसमें प्रयुक्त अवयवों की विवेचना कीजिए ।

'जन्मौषधि मंत्रतपः समाधिजाः सिद्धयः' के निम्नलिखित अवयव →
① योग का उद्भव जन्मौषधि, मंत्रयोग, तपस्या, समाधि से हुआ है
② समाधि की प्राप्ति हेतु मंत्रयोग, तपस्या, जन्मौषधि आवश्यक है।
③ मंत्रयोग, लययोग, राजयोग, हठयोग

0.5(Zero½)
(Q.U3-A-B-34)

Unit – III (Section – B)

(20 Marks)

Part – A

Marks : 10

Note : Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं ।

35. What kind of competencies are identified as facets of Intelligence in the Indian tradition ?

भारतीय परम्परा में बुद्धि के पक्ष (पहलू) के रूप में पहचानी गई क्षमताओं के प्रकार कौन से हैं ?

भारतीय परंपरा में बुद्धि को केवल संज्ञानात्मक न मानकर इसे विभिन्न प्रकार की बुद्धि क्षमताओं का योग माना गया है जो निम्नलिखित है — ① संज्ञानात्मक बुद्धि ② आध्यात्मिक बुद्धि ③ संवेगात्मक बुद्धि ④ उद्यमी क्षमता ⑤ सामाजिक क्षमता व अवगतता

1.25(One¼)
(Q.U3-B-A-35)

36. Define Intelligence as proposed by David Wechsler.

डेविड वेश्लर द्वारा प्रतिपादित बुद्धि को परिभाषित कीजिए ।

वेश्लर के अनुसार, "बुद्धि किसी प्राणी का वह संज्ञानात्मक गत्यात्मक संगठन है जिसके आधार पर वह विभिन्न समस्याओं का समाधान कर पाता है, तार्किक व मूर्त चिंतन कर पाता है, समायोजन कर पाता है तथा समस्या समाधान में अनुभवों का प्रयोग कर पाता है।"

0.25(Zero¼)
(Q.U3-B-A-36)

37. Write any two characteristics of analytical style of learning.

अधिगम की विश्लेषणात्मक शैली की कोई दो विशेषताएँ लिखिये।

एंडरसन ने अधिगम की दो शैलियाँ बतायें → ① संबंधात्मक ② विश्लेषणात्मक → विशेषताएँ → (i) अनुक्रमिक एवं संरचित चिंतन (ii) किसी विषयवस्तु को उसके विभिन्न अवयवों में तोड़कर देखना व (iii) अमूर्त चिंतन में सहायक (iv) शैक्षणिक क्षेत्रों में उपयुक्त (v) दार्शनिक, गणितज्ञ में यह शैली (vi) प्रेरित न करने वाली स्थितियों में भी कार्य करने में सक्षम (vii) अन्य लोगों से प्रभावित नहीं

1.75(One¾)
(Q.U3-B-A-37)

38. Explain Sensory Memory.

संवेदी स्मृति को समझाइये।

सूचना प्रक्रमण मॉडल

एटकिंसन व शिफ्रिन के अनुसार, संवेदी स्मृति, स्मृति का पहला स्तर है जहाँ कोई सूचना पहली बार स्मृति में पंजीकृत होती है। विशेषताएँ → ① संवेदी स्मृति का प्रतिरूपण → प्रतिध्वन्यात्मक, चित्रात्मक ② क्षमता – वृहद ③ समयावधि → 1 sec से कम ④ अवधान न देने पर 1 sec में क्षय ⑤ अवधान करने पर अल्पकालिक में प्रवेश

1.5(One½)
(Q.U3-B-A-38)

39. Explain Forgetting due to trace decay.

चिह्न ह्रास के कारण हुये विस्मरण को समझाइये।

चिह्न ह्रास के कारण विस्मरण में व्यक्ति की स्मृति में उस सूचना को संगृहीत करते समय बने चिह्नों का ह्रास हो जाता है जिससे प्रत्यभिज्ञान (Recall) में बाधा उत्पन्न होती है। कारण → ① लंबे समय तक दोहराव न करना ② चोट या मानसिक बीमारी ③ चिह्नों का निर्माण ही अच्छे से न हुआ है।

0.5(Zero½)
(Q.U3-B-A-39)

Unit – III (Section – B)

Part – B

Marks : 10

Note : Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

नोट : निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

40. Explain type A and type B personality as suggested by Friedman & Rosenman.

फ्रीडमैन एवं रोजेनमैन द्वारा सुझाये गये टाइप A और टाइप B व्यक्तित्व को समझाइये ।

फ्रीडमैन और रोजेनमैन ने मनोसामाजिक जोखिम के आधार पर व्यक्तित्व के दो टाइप बताए —

Type A	Type B
⊛ इन व्यक्तियों में उद्विग्नता, उतावलापन, हरदम समय की कमी महसूस करते रहना, दुश्चिंता, क्रोध, संवेगात्मक नियंत्रण की कमी होती है ⊛ इनको कोरोनरी हार्ट डिजीज का खतरा होता है	⊛ Type A वाले व्यक्तियों के गुणों का अभाव अर्थात ध्यान लगाकर काम कर पाना, जल्दबाजी नहीं, सांवेगिक स्थिरता तथा क्रोध के संवेगों पर नियंत्रण। ⊛ इनको कैंसर का खतरा होता है

2.5 (Two½)
(Q.U3-B-B-40)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

41. Distinguish between emotion focussed and problem focussed coping strategies to reduce stress.

तनाव को कम करने हेतु अपनाई जाने वाली संवेग केन्द्रित एवं समस्या केन्द्रित समायोजनात्मक रणनीतियों के मध्य अन्तर कीजिए।

एंडलर-पार्कर तथा लेजारस फॉकमैन दोनों ने ही इन दोनों समायोजनात्मक रणनीतियों का उल्लेख किया है। दोनों एकदम अलग-अलग

समस्या केंद्रित रणनीति	संवेग अभिविन्यस्त रणनीति
(1) इस रणनीति में व्यक्ति समस्या को उसके वास्तविक स्वरूप में समझता है तथा उसके बारे में सूचनाएँ जुटाता है।	इस रणनीति में व्यक्ति अपने संवेगों को ठीक से समझने की कोशिश करता है।
(2) इस रणनीति में व्यक्ति समस्या के समाधान हेतु विभिन्न विकल्पों पर विचार करके अपने संसाधनों का आकलन करता है।	इस रणनीति में व्यक्ति अपने संवेगों पर नियंत्रण रखने तथा सकारात्मक बने रहने; सामाजिक अवलंबन पर ध्यान देता है।
(3) यह रणनीति तनाव को कम करने का पहला चरण है।	यह रणनीति समस्या रणनीति के बाद का चरण तथा उसके बाद की कड़ी है।

3(Three)
(Q.U3-B-B-41)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

Unit – III (Section – C)

(20 Marks)

Part – A

Marks : 10

Note : Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं ।

42. The government of India received information in confidence from a foreign Government. Can it be asked under the R.T.I. Act, 2005 ?

भारत सरकार को किसी विदेशी सरकार से गोपनीय रूप से सूचना प्राप्त हुई । क्या सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत ऐसी सूचना की माँग की जा सकती है ?

(A) सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत, विदेशी सरकार से विश्वास में प्राप्त सूचना, कैबिनेट दस्तावेज़, कॉपीराइट संबंधी सूचना, एकता भंडार, सुरक्षा से जुड़ी सूचना की माँग नहीं की जा सकती है अतः विदेश से प्राप्त गोपनीय सूचना की माँग इस अधिनियम के तहत नहीं की जा सकती।

0.5 (Zero½)
(Q.U3-C-A-42)

43. What do you mean by the term 'private area' mentioned under the Information Technology Act, 2000 ?

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत उल्लेखित 'एकान्त भाग' पद से आप क्या समझते हैं ?

एकांत भाग से तात्पर्य किसी भी कंप्यूटर सिस्टम का वह फोल्डर या सॉफ्टवेयर जिसे उपयोगकर्ता अपने निजी व गोपनीय उपयोग हेतु प्रयुक्त करता है।

0 (Zero)
(Q.U3-C-A-43)

44. State the subject matter of copyright.
प्रतिलिप्यधिकार की विषय-वस्तु बताएँ।

सॉफ्टवेयर
यथा- साहित्य, शोध

प्रतिलिप्याधिकार → किसी मूल रचनाकार की रचना की प्रतिलिपि प्रदान करने का अधिकार सिर्फ उस रचनाकार को है अर्थात् उसकी अनुमति के बिना इसकी प्रतिलिपि तैयार नहीं की जा सकती ?
① सामान्यतः कॉपीराइट मूल रचनाकार की मृत्यु के 60 वर्ष तक प्रभावी उसके बाद कॉपीलेफ्ट ② पहले भी शोध, स्वयं के अध्ययन हेतु उपयोग

45. What includes 'Children' under the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007 ?
माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत 'बच्चों' में क्या सम्मिलित है ?

0.25(Zero¼)
(Q.U3-C-A-45)
(Q.U3-C-A-45)

इस अधिनियम के तहत पद 'बच्चों' से किसी वरिष्ठ नागरिक के पुत्र, पुत्री, पौत्र, पौत्री अभिप्रेत है, चाहे वे अवयस्क हों या वयस्क हों ; साथ ही, इसमें वरिष्ठ नागरिक का कोई विधिक उत्तराधिकारी (जो उसके मृत्यु के बाद उसकी संपत्ति का स्वामी बनेगा) भी शामिल है। {18 वर्ष से अधिक}

46. What are included under the term "Sexual abuse" in the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 ?
घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत "लैंगिक दुर्व्यवहार" पद के अन्तर्गत क्या सम्मिलित किया गया है ?

0.5(Zero½)
(Q.U3-C-A-46)

इस अधिनियम के तहत 'लैंगिक दुर्व्यवहार' में निम्नलिखित सम्मिलित है - ① महिला की गरिमा को हानि पहुँचाने वाला लैंगिक कृत्य ② महिला की लैंगिक स्वतंत्रता का अतिक्रमण करने वाला कृत्य ③ जबरदस्ती लैंगिक संबंध बनाना या प्रयास करना ④ लैंगिक आशय से स्पर्श, संपर्क या कोई टिप्पणी करना

Unit – III (Section – C)

Part – B

Marks : 10

Note : Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

नोट : निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

47. What is the legal status of a Hindu Idol ?

एक हिन्दू देवता (मूर्ति) की वैधानिक स्थिति क्या है ?

हिंदू देवता की मूर्ति की वैधानिक स्थिति → भारतीय कानून व्यवस्था में हिंदू देवता को वैधानिक व्यक्तित्व माना जाता है तथा उसे भूमि या कोई अन्य संपत्ति धारण करने, अधिकार या हितों को धारण करने में सक्षम माना जाता है। ⇒ हिंदू देवता की मूर्ति द्वारा या इसके विरुद्ध वाद दायर किए जा सकते हैं तथा यह अनुबंध करने में सक्षम है। उदाहरण – रामलला विराजमान ⇒ हिंदू देवता की मूर्ति को जैविक व्यक्तित्व न होते हुए विधि के उद्देश्यों के लिए विधिक व्यक्तित्व समझा जाता है।

2.5(Two½)
(Q.U3-C-B-47)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

48. What do you understand by the term "Sayar" under the Rajasthan Tenancy Act, 1955 ?
राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत "सायर" पद से आप क्या समझते हैं ?

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अंतर्गत, 'सायर' पद में वह सब सम्मिलित है जो पट्टाधारी या अनुज्ञाधारी द्वारा अनधिवासित भूमि से गैर-कृषि उपज, घास-फूस, लाख, गोंद, सूखी लकड़ी व टहनियाँ, ईंधन, हड्डियाँ, फल-फूल, मृत पशु अवशेष, आदि संगृहित/इकट्ठा करने के बदले में चुकाया जाता है तथा यह नकद में, जिंस में या अंशतः नकद व अंशतः जिंस के रूप में हो सकता है, भले ही स्थानीय तौर पर किसी भी अन्य नाम से जाना जाए।

2.5(Two½)
(Q.U3-C-B-48)

Do Not Write Here
यहाँ कुछ नहीं लिखें